# संvad

**Maheshwari Logistics Limited**

Moving Every Mile With A Smile

Coal • Logistics • Paper

July-September 2020
ISSUE 8

उध्दरेदात्मनात्मानम्।।

*Take care of yourself by yourself*

## स्पर्श



### स्वयं का ध्यान स्वयं रखें

हाँ हमारा ध्यान सबसे ज्यादा अच्छे से हम खुद ही रख सकते हैं। हम अक्सर आशा करते हैं कि कोई और हमारा ध्यान रखे या हमें खुश रखे पर हम ही एकमात्र व्यक्ति हैं जो अपने आप को खुश रख कर अपना ध्यान रख सकते हैं। जीवन में जो भी है वो हर पल बदलता रहता है। व्यक्ति, समृद्धि, पैसा, शरीर, मौसम, सुख-दु:ख, दोस्त यहाँ तक कि हमारी शारीरिक व मानसिक अवस्था भी। यह अंतहीन सूची है जो हमें प्रभावित करती है पर हमें खुश रहने का फैसला करना होगा, चाहे जीवन में कुछ भी हो। तभी हम हर परिस्तिथि का सामना कर पाएँगे।

इस कोरोना काल में भी आप सभी से यही कहना चाहूँगी कि हमें अपना ध्यान स्वयं ही रखना है और हँसते हुए बिना घबराए इस विपदा का सामना करना है क्यूँ कि, अक्सर घने अँधेरों के बाद ही चमकदार रौशनी दिखायी देती है।

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad

## समन्वय



साथियों,

उम्मीद करता हूँ कि आप सब अपने परिवार के साथ इस कोविड महामारी के समय में सुरक्षित हैं और अपना पूरा ध्यान रख रहे हैं।

इन तीन महीनों में हमने परिवार के कई वरिष्ठ लोगों को खो दिया है, जिनमें हमारे दादाजी श्री जगन्नाथजी काबरा, दादीजी श्रीमती गुलाब देवी काबरा, नीरज भैया और विनय भैया के पापा श्री प्रेमनारायणजी माहेश्वरी, विपुल भाई और निमिश भाई के पापा श्री रमेश भाई वशी हैं। मैं इनके लिए बस इतना कहना चाहता हूँ,

"आपकी कमी खलती है हमें, ये खालीपन तड़पाता है,
यूँ ही यादें दिल में समेटे हुए, ये वक्त गुजरता जाता है "

दादाजी से हमने कारोबार में काफ़ी कुछ सीखा है और हमें गर्व है कि उनकी सीख से हम आज १९९ को इस मुकाम पर पहुँचा सके हैं। दादीजी ने हमें हमेशा परिवार को जोड़ कर रखना सिखाया जिसकी वजह से आज MLL का हर एक सदस्य परिवार के सदस्य की तरह बन चुका है। प्रेमनारायण मौसाजी से हमने खुश रहना और बच्चों को अच्छी परवरिश देना सीखा जो मेरा मानना है कि हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। रमेश चंद्र वशीजी एक शिक्षक थे जिन्होंने अपना जीवन सभी को अच्छी शिक्षा देने के लिए समर्पित कर दिया व हमेशा अपने उसूलों पर जिए। ये सभी लोग MLL की नींव हैं, और ये हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी सीख को व्यक्तिगत, सामाजिक व कारोबार में ना केवल अपनाएँ बल्कि इस सीख को आगे भी ले जाएँ।

अब कम्पनी की बात करें तो पहली तिमाही के नतीजे बताते हुए मुझे खुशी है कि हमने कम्पनी में कैश लॉस नहीं किया है, परंतु करोना के कारण सारे व्यापार दबाव में हैं इसलिए कारोबार के सभी विभागों में लाभ और बिक्री को एक स्तर पर लाने के लिए काफ़ी मेहनत करनी होगी। मुझे ये बताते हुए भी हर्ष है कि Board Of Directors ने कंपनी के शेयर होल्डर्ज़ के लिए 1:1 बोनस देने का सुझाव दिया है। 15 सितम्बर को हमारी कम्पनी के performance को CNBC आवाज़ चैनल पर कवर किया गया था। जिसको कम्पनी के Face Book Page पर आप सभी देख सकते हैं।


इस समय ने मुझे ये जरुर सिखाया है कि-

असंभव कुछ भी नहीं हम वो सब कर सकते हैं, जो हम सोच सकते हैं,
और हम वो सब सोच सकते हैं, जो आज तक हमने किया ही नहीं!

अंत में आप सभी से गुजारिश करूँगा कि, अपनी व अपने आस पास सभी की सेहत का पूरा ध्यान रखें।

Varun Kabra
MD, Maheshwari Logistics Ltd.

## श्रध्दांजलि




श्री प्रेमनारायणजी माहेश्वरी



श्री रमेशभाई वशी





श्री जगन्नाथजी काबरा



श्रीमती गुलाबदेवी काबरा

जैसे समय बीतता जाएगा वैसे जख्म भरते जाएंगे, मगर आप लोगो के साथ बिताए हर पल हमेशा याद आएँगे।

# IN HOUSE TALENT

## मिट्टी का रूप

एक कुम्हार मिट्टी रोंद रहा था। मिट्टी रोंदते-रोंदते उसके मन में चिलम(हुक्का) बनाने का विचार आया। चिलम बनाना शुरू किया ही था कि उसका विचार अचानक बदल गया।

उसने सोचा कि गर्मी का मौसम आ रहा है क्यों न मटका बना दूं। उसने उस मिट्टी को फिर से रोंदना शुरु किया तो मिट्टी ने उससे पूछा तुम मुझे दुबारा क्यों रोंद रहे हो? कुम्हार बोला पहले मैं चिलम बना रहा था अब गर्मी का मौसम आ रहा है तो मैंने मटका बनाने का विचार किया है। तब मिट्टी बोली तुम्हारे विचार से मेरी जिंदगी भी बदल गई है!

इस पर कुम्हार बोला तुम्हारी जिन्दगी कैसे बदलेगी? तब मिट्टी ने उत्तर दिया- पहले तुम चिलम बना रहे थे उसमें लोग आग डालते जिससे मै खुद भी जलती और दूसरों को भी जलाती। अब जब तुम मटका बना रहे हो तो लोग मेरे अंदर पानी भरेंगे उस पानी को मै ठंडा करुंगी जिससे लोगों को पीने के लिए ठंडा पानी मिलेगा और मै स्वयं भी ठंडी रहूंगी

वही मिट्टी मटके के रूप में हमारी प्यास बुझाती है और हुक्के के रूप में हमको अंदर ही अंदर जला देती है।

**शिक्षाः**

आपकी अच्छी सलाह अर्थात आपके अच्छे विचार किसा की जिंदगी बदल सकते हैं। दूसरों के प्रति हमेशा अच्छी सोच रखनी चाहिए।



**फतेह सिंह, गांधीधाम**

## कहाँ पर बोलना है

कहाँ पर बोलना है, और कहाँ पर बोल जाते हैं।
जहाँ खामोश रहना है, वहाँ मुँह खोल जाते हैं।।
नयी नस्ल के ये बच्चे, जमाने भर की सुनते हैं।
मगर माँ बाप कुछ बोले, तो बच्चे बोल जाते हैं।।
अगर मखमल करे गलती, तो कोई कुछ नही कहता।
फटी चादर की गलती हो, तो सारे बोल जाते हैं।।
बनाते फिरते हैं रिश्ते, जमाने भर से अक्सर हम।
मगर घर में जरुरत हो, तो रिश्ते भूल जाते हैं।।
कटा जब शीश सैनिक का, तो हम खामोश रहते हैं।
कटा एक सीन पिक्चर का, तो सारे बोल जाते हैं।।
बहुत ऊँची दुकानों में, कटाते जेब सब अपनी।
मगर मजदूर माँगेगा, तो सिक्के बोल जाते हैं।।
हवाओं की तबाही को, सभी चुपचाप सहते हैं।
चिरागों से हुई गलती, तो सारे बोल जाते हैं।।
कहाँ पर बोलना है, और कहाँ पर बोल जाते हैं।
जहाँ खामोश रहना है, वहाँ मुँह खोल जाते हैं।।



**भँवर विक्रमसिह सोढा अचला, निम्बाहेड़ा**

## सम्बोधन

प्रिय सहयोगिनी
सखी, सहचरी जीवन या अरमान कहूँ।
बोलो मेरी सजन अमरते माया या वरदान कहूँ।
पत्र तुम्हारा, अभी अभी आया है।
मेरे दिल में, एक धुआँ सा छाया है।
क्या लिखूँ सम्बोधन, शब्दों का अम्बार बहुत है।
सपनों की कोमल सैंया में, सोने वाला प्यार बहुत है।
सम्बोधन बिन पत्र, सिर्फ, अधूरा सा लगता है।
जैसे डमरू बिन, एक मदारी,
सिर्फ, जमूरा सा लगता है।।



**ऋषि त्रिपाठी, कानपुर**





Ganpati Pandal Decoration from *"Best out of the Waste"* (newspaper rolls and stuff at home) during Corona period when no Material was available in market.

**Rishi Rathi, Mumbai**



पूनम धूत को कोरोना काल में दी गयी अभूतपूर्व सेवाओं के लिए स्थानीय मीडिया द्वारा कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया।



**Pencil Sketch by Honey Snehal Desai, Vapi**

आप अपने हुनर को इस पते पर भेज सकते हैं, या priyaupadhyaymlpl@gmail.com पर मेल कीजिए ।
Priyanka Dubey, MLL House, Shed No A2-3/2, Opp. UPL, 1st Phase, GIDC, VAPI - 396 195. Mobile No. 98243 02806

## *A Tribute to our elders who will never be forgotten*

Prem Mausaji was so kind, soft spoken, down to earth, extremely satisfied and affectionate human being. I think he is one of the rarest Human Being I have seen who Never Loved Money.

In spite being father of Neeraj Maheshwari he still lived his normal life, used to ride his own scooter, never wished to roam in luxurious cars, never wanted to have an expensive or good mobile phone too.

"Itna Santoshi Sirf Ek Mahaan Vyakti Hi Ho Sakta Hai, **Mausaji Mahaan The**"

**Kailash Kabra, Ahmedabad**

आदरणीय चिरस्मरणीय श्री रमेश भाई साहब।।

एक अनमोल व्यक्तित्व! एक मजबूत आधारस्तंभ!

आपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की। कौटुम्बिक, सामाजिक, शैक्षनिक, धार्मिक– हर एक क्षेत्र में आपका समर्पण रहा। अपने मजबूत मनोबल के कारण आप जीवन में आगे बढ़ते चले गए।

आप एक शिस्तबद्ध शिक्षक, उत्तम नगरसेवक, प्रवास आयोजक व वापी सीनियर सिटीज़न काउनसिल के प्रमुख रहे हैं। हर क्षेत्र में आपको अद्भुत सफलता और सम्मान प्राप्त हुआ। अंतिम सांस तक आपकी जीवनयात्रा सफल एवं प्रेरणादायक रही।

**दर्शिनी वशी, वापी**

कर्त्तव्य निष्ठ, कर्मयोगी, धर्मानुरागी, संतोषी, सहज सरल स्वभाव के धनी हमारे पू.भाईसाहब ने जीवन भर पूरे परिवार को भरपूर प्यार व स्नेह दिया। हमारे पूज्य भायजी (स्वर्गीय रामपाल जी) के साथ परिवार के पालन की जिम्मेदारी निभाई।

उन्होंने व्यवसाय की शुरुआत पाली(राजस्थान) से की, फिर थोड़े समय रानी(राजस्थान) में लघु उद्योग लगाया, पिछले पचपन वर्षों से अहमदाबाद को ही अपनी कर्मभूमि बना कर वहीं रहे। व्यावसायिक व सामाजिक दोनों ही क्षेत्रों में उन्हें पूर्ण सम्मान मिला। वे हमेशा नयी व्यापारिक जानकारी लेने व कार्य करने के उत्सुक रहते थे। माहेश्वरी समाज में उन्होंने स्थानीय, जिला, प्रांत, व अखिल भारतीय स्तर पर कार्यकारी मंडल में रह कर वर्षों समाज सेवा का कार्य किया।

हम तीनों छोटे भाईयों को उन्होंने बचपन से सम्भाला। अपने अनुज भ्राता स्वर्गीय बंकट लाल जी के सक्षम होने पर उन्हें अपना सह भागी बनाकर उन्हें पारिवारिक जिम्मेदारी दी व स्वयं अपने व्यवसाय में निरंतर लगे रहे। अपने भाई पर इतना भरोसा किया कि बंकट ने जो कर दिया वह सही है। इन्हीं बातों से परिवार का प्यार व बन्धन प्रगाढ़ हुआ और आज उन्हीं की बदौलत तीसरी पीढ़ी में भी इतना प्यार व सम्मान बना हुआ है।

हमारे पूज्य भाभी जी ने भी अपना पूर्ण समर्पण पू.भाईसाहब व पूरे परिवार के प्रति रखा एवम् हमारी मां की तरह ही सब को प्यार से मार्ग दर्शन देती रही। हमे बड़ा ही गर्व है कि ऐसे दिव्य व सत्पुरुष भाईसाहब व भाभी जी मिले, भगवान उन को सदगति प्रदान करें और वे हमेशा इसी तरह हमारे प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक बने रहें।

**गोपाल लाल काबरा एवम् समस्त काबरा परिवार, अहमदाबाद – कोलकता – जयपुर**


## *Health Corner - Health Benefits of Custard Apple (Sitafal)*




- ✔ Brain Health- It has vitamin B6 that elevates our mood and helps with depression and anxiety.
- ✔ Eye Health- It has antioxidants, vitamins and minerals that promote good eyesight.
- ✔ Reversing High BP- It has magnesium that is good for reducing blood pressure.
- ✔ Digestion- It is rich in fiber which is good for gut microbes and helps in digestion.
- ✔ Good Skin and Hair- It has vitamin A, C, copper and zinc that have antioxidant properties and keep the skin looking healthy.
- ✔ Hemoglobin- It also increases the hemoglobin content of blood.
- ✔ Immunity- It strengthens our immunity and is good for health.

## खेल खेल में

### Connect the dots and colour





### Riddles

1. I shave every day, but my beard stays the same. ***What am I?***
2. What has to be broken before you can use it?



इस बार आप सभी के लिए चित्र प्रतियोगिता रखी गयी है जिसका विषय है

**'दीपावली त्योंहार'**

### ★ 'रंग भरो प्रतियोगिता', संवाद- अंक ७ के निर्णय ★


*1st prize*
Asif Alam Ansari





*2nd Prize*
Rajneesh Roy





Last edition word search done by
- Asif Shaikh
- Ranjeet Verma,
- Manish Pandey

पिछले अंक में प्रकाशित रिडल के सही जवाब हैं–
१.डॉक्टर वक़ील की बहन है। २.अहमदाबाद
पिछले अंक की एक रिडल का सही जवाब दिया है
- Paresh Raiyani, Vapi

**ईनाम पाने के लिए आप सभी को बहुत बहुत बधाई**

**रिडल का सही जवाब व चित्र में रंग भर कर आपको 15th November तक भेजने है।**
**२ सबसे सुंदर चित्र को सरप्राईज ईनाम दिया जायेगा व उनका नाम प्रकाशित किया जायेगा ।**
**जिनके भी रिडल के जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे ।**

# GLIMPSE OF EVENTS




Vishwakarma Jayanti at Ambethi Factory, Vapi



Rakhi Celebration at MLL, Jamnagar



CSR- Food distribution during Corona, Ambethi Factory, Vapi




MLL in Media







# Financial Planning

## अमीर कौन नहीं बनना चाहता ?



**Mahesh Kabra,**
**Founder, Taurus Cap, Mumbai**

पर ज्यादातर हमारी आदतें हमे अमीर बनने से रोकती हैं। अगर हम गौर करें हम ज्यादातर depreciating assets में अपना पैसा लगाते हैं, जैसे Mobile, Gadgets या car, जिनकी कीमत हमारे खरीदने के बाद से ही गिरना चालू हो जाती है। वहीं appreciating assets, जैसे कि House, Shares, Gold, Mutual Funds, हमेशा कीमत में बढ़ते हैं।

### अमीर होने का क्या मतलब है ?

जब मुझे खर्चा करने की जरूरत हो तब मेरे पास उतना पैसा होना चाहिए, और सबसे अच्छी बात ये है कि हम इसे plan कर सकते हैं। अगर हम अपनी आदत बदलें और अपनी आय का एक हिस्सा appreciating assets में लगाएँ फिर चाहे आप वो investment gold में करें, fixed deposit में, या mutual fund में Invest करके हम अपना future financially secure कर सकते हैं, इसे हम financial planning कहते हैं।

**Financial Planning के कुछ basic tips मैं आपके साथ share करना चाहता हूँ**

1. Emergency Fund – २-३ लाख का एक fund create करें, 10,000 हर महीने एक debt mutual fund या fixed deposit में डालना चालू करें और २ साल में ये fund का target पूरा हो जाएगा। कोई भी emergency में ये fund आपके बहुत काम आएगा
2. Tax Planning – अगर आपकी income taxable है तो आपके लिए tax planning जरूरी है, PPF, Term Insurance और Tax Planning mutual funds का उपयोग करें। इससे आप ना केवल tax बचाएंगे, आपका investment भी साथ साथ हो जाएगा।
3. Life and Health Insurance – आपकी सालाना आय का २० गुना value का Term Insurance लें, ये आपकी family के अच्छे भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। और क्योंकि आज कल medical treatments बहुत महंगे हो गए हैं, Health Insurance भी उतना ही जरूरी है, १०-१५ लाख coverage का health insurance जरूर लें। Insurance policy के premium आप tax deduction के रूप में claim कर सकते हैं, tax भी बचेगा और insurance भी हो जाएगा।
4. Long Term Wealth Creation – ये सबसे important है। हमारी life की जितनी भी बड़ी जरूरतें हैं, जैसे घर, गाड़ी, बच्चों की पढ़ाई, उनकी शादी, या ऐसे कोई भी future के बड़े ख़र्चे। अगर हम ५-१०-१५-२० साल पहले से इनकी planning करके, invest करना चालू कर दें, तो हमारा future financially बहुत अच्छा हो सकता है। इसे हम goal based planning बोलते हैं।




केवल यही नहीं और भी बहुत सारे concepts हैं financial planning के जो मैं आपके साथ share करूंगा। इस बीच अगर आपको कोई सवाल हो तो आप मुझसे सम्पर्क कर सकते हैं।